तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 9 नवंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 हाई और हायर सेकंडरी के व्याख्याताओं का विषयवार प्रशिक्षण ...



10 कमीशनिंग में 19 ईवीएम डिफेक्टिव निकली ...



**खबर संक्षेप**

### गोपाष्टमी पर्व पर कार्यक्रम आज

**थानखम्हरिया।** नगर में स्थित श्री रामकृष्ण गौशाला में इस वर्ष गोपाष्टमी पर्व का भव्य आयोजन किया जाएगा। हिंदू धर्म में अत्यंत धार्मिक महत्व रखने वाले इस पर्व के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन 9 नवंबर को किया गया है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में साजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू एवं अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी करेंगे। इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में बलदेव प्रसाद केडिया भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से पूजा-अर्चना और गौ माता की आरती की जाएगी, साथ ही खिचड़ी का भोग भी लगाया जाएगा। समस्त नगर एवं क्षेत्रवासियों के लिए भोजन व्यवस्था रखी गई है। रामकृष्ण गौशाला समिति ने नगर एवं क्षेत्रवासियों से अपील की हैं कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पवित्र पर्व को सफल बनाएं और गौसेवा का पुण्य लाभ प्राप्त करें। ज्ञात हों कि श्री रामकृष्ण गौशाला नगरवासियों के सहयोग एवं सेवा से संचालित हो रही है।

### कॉलेज में नए प्राचार्य ने किया पदभार ग्रहण

**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में नए प्राचार्य डॉ. रोशन आरा ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। शैक्षणिक एवं कार्यालयीन स्टाफ द्वारा पुष्प गुच्छ, पेन एवं मिठाई खिला कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी स्टॉफ एवं विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त किया। अवगत हो कि 2006 से संचालित नगर के एकमात्र शासकीय महाविद्यालय में प्रथम बार किसी प्राचार्य ने पदभार ग्रहण किया है। इसके पूर्व इस महाविद्यालय के सभी प्राचार्य प्रभारी के रूप में कार्य किये। स्टॉफ एवं विद्यार्थियों से संवाद करते हुए नई प्राचार्य ने महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु आशान्वित नजर आईं।

### चाकू से हमला करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**गुण्डरदेही।** ग्राम जरवाय में गुरुवार को दोपहर हुई घटना के दो मुख्य आरोपी को आखिरकार रनचिरई पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया है। बता दें कि गुरुवार को जरवाय में दो अज्ञात स्कूटी सवार युवक अर्जुन साहू के घर घुसकर सड़क निर्माण कार्य के लिए पाइप रखना है कहकर घर में मौजूद उनके पुत्र हेमशंकर साहू व बहू लीना साहू पर धारदार चाकू से हमला कर फरार हो गए थे। पीड़ित परिजन की रिपोर्ट पर रनचिरई पुलिस ने घटना के बाद आस पास के सीसीटीवी कैमरे की मदद से शुक्रवार को दोनों फरार आरोपी शिव प्रशांत पिता टीडब्लू 20 वर्ष व दूसरा आरोपी मोंटी उर्फ निश्चय पिता दीपक चेलकर 28 वर्ष दोनों दुर्ग निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### दीपावली मनाने घर लौट रहे जवान की हार्टअटैक से मौत

**बालोद।** दीपावली पर्व मनाने घर आ रहे त्रिपुरा पुलिस के जवान की अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक पुलिस के जवान का शुक्रवार को उनके गृह ग्राम नेवारीखुर्द में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के अंतिम संस्कार में पुलिस प्रशासन के एसडीओपी देवांश सिंह राठौर और थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय सहित अन्य पुलिस कमएँ व ग्रामीण उपस्थित थे। दरअसल ग्राम नेवारीखुर्द निवासी 39 वर्षीय रूमलाल राणा 2006 में त्रिपुरा पुलिज़ में भर्ती हुआ था। इस दीपावली पर्व मनाने वह छुट्टी लेकर घर वापस आ रहा था। इस दौरान कोलकाता में अचानक रूमलाल की तबियत बिगड़ गई, इसके अलावा उनके पास रखे समान की चोरी भी हो गई। रूमलाल कोलकाता के निजी अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे, जहां उन्हें भर्ती किया गया।

**हादसा :** टैंकर ने दो बाइक को लिया चपेट में, दो युवकों की मौके पर ही मौत

# जिले की सड़क फिर हुई खून से लाल भीषण सड़क हादसे में तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पिकअप वाहन ने स्कूटी सवार को ठोका

जिला मुख्यालय के नेशनल हाईवे स्थित ग्राम मटका, चोरभट्टी बाईपास में बीते कल देर शाम सड़क हादसे में करण यादव 20 वर्ष, गुरुसेवक सिंग 19 वर्ष युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वही दूसरे सड़क में हादसे में पिकअप वाहन ने स्कूटी को चपेट लेने से स्कूटी सवार उदय सोनवानी की मौत होने से फिर एक बार जिले की सड़क खून से लाल हो गई। इस माह के शुरुवाती सफ्ताह भर में ये जिले की तीसरी भीषण सड़क हादसा है दीपावली में लक्ष्मी पूजा के दिन ग्राम भेरणी में दो बाइक आपस में टक्कर से घटना हो गई थी। तीसरा हादसा दो दिन पहले नवागढ़ क्षेत्र में मजदूरों से भरी वाहन पलट गई थी। इन तीनों हादसे में जहां 6 युवाओं की जान मौके पर चली गई।

वहीं दर्जन भर से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिनका उपचार विभिन्न अस्पतालों चल रहा है। जिन 6 लोगों की मौत हुई है वे सभी बाइक सवार रहे ओर सभी की आयु 19 से 40 वर्ष की रही है। गुरुवार नेशनल हाईवे स्थित ग्राम चोरभट्टी बाईपास पर गुरुवार देर शाम विपरीत दिशा से आ रहे दो बाईक पर दो दो लोग सवार थे इसी बीच सिमगा से आ रही एचपी पेट्रोल डीजल भरी टैंकर वाहन नेशनल हाईवे को छोड़ जैसे ही बाईपास की ओर मुड़ने लगी वैसे ही विपरीत दिशा से आ रहे दोनों बाइक अनियंत्रित होकर टैंकर से जा टकराई बाइक के पीछे बैठे दूर जा गिरे लेकिन बाइक चला रहे दोनों युवक टैंकर के चक्के की चपेट में आ गए जिसे दोनों की मौत हो गई।



**झालम मोड के पास स्कूटी सवार की मौत**

ग्राम रानी जारोद बजरंग चौक थाना सोहेला जिला बलौदा बाजार निवासी उदय सोनवानी पिता शंभु उम्र करीबन 40 वर्ष अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एनके 2988 से बेमेतरा तरफ स्कूटी से बेमेतरा से नवागढ़ की ओर अपने निजी कार्य से जा रहा था इसी बीच ग्राम झालम मोड पास नवागढ़ की ओर से आ रहे छोटा हाथी क्रमांक सीजी 07 सीआर 4251 का चालक द्वारा तेजी लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से जोरदार ठोकर मारते हुए अपनी चपेट में ले लिया। जिस पर उदय सोनवानी गंभीर रूप से घायल हो गए आम जनों एवं 108 की मदद से नवागढ़ स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जा रहा था लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। वाहन चालक मौके से भाग गया मामले में पुलिस ने वाहन चालक पर अपराध दर्ज कर जांच की करवाई में लगी है।

### घायलों का इलाज जारी

मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार करण यादव पिता आनंद मोहन उम्र 20 वर्ष ग्राम मुरता थाना नवागढ़ अपने साथी भानूप्रताप साहू के साथ सिमगा से लौट रहा वहीं गुरुसेवक सिंग पिता दिलबाग सिंह उम्र 19 वर्ष ग्राम नवागांव ढनढनी थाना नवागढ़ अपने साथी प्रकाश कुमार वर्मा के साथ बेमेतरा से सिमगा की ओर जा रहा था टैंकर वाहन चालक तेज गति से बाईपास की ओर वाहन को मोड़ दिया और दोनों बाइक सवार टैंकर की चपेट में आ गए। बताया जा रहा की हादसा बेहद हृदयविराक था। हालांकि हादसे में दोनों युवकों के साथियों को हल्की चोटें ही आई जिन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शुक्रवार दोनों के शव का पीएम करने के बाद परिवार वालों को सौंप दिया गया है। बेमेतरा पुलिस ने करण यादव के मामले में भूपेंद्र साहू कि रिपोंट पर मर्ग कायम किया वहीं गुरूसेवक के मौत के प्रकरण में महक सिंह के रिपोंट पर मर्ग कायम किया गया है।

# चोरों ने पुलिस कर्मी पर चढ़ाया चारपहिया, बाल-बाल बचे जवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा /नवागढ़

- खंडसरा चौकी का मामला बिजली का सामान चोरी करके भाग रहे थे
- पांच आरोपी धरे गए,जिनमें तीन नाबालिग निकले

बिजली समान चोरी कर चारपहिया वाहन लेकर भाग रहे आरोपियों का पीछा करने के दौरान पुलिस जवान बाल बाल बच गए । जब पुलिस जवान भाग वाहन को ओवरटेक कर रोकने का प्रयास कर रहे थे तब आरोपियों ने जवानों की बाइक पर ही वाहन को चढ़ा दिया। हालांकि जवानों की सतर्कता से उन्हें किसी प्रकार की खरोंच नहीं आई। चारपहिया वाहन पुलिस कर्मी की बाइक में फंस गया, तो आरोपी छोड़ कर भाग गए। लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। चोर अँधियारखोर सब स्टेशन से ट्रांसफार्मर का सामान चुरा कर ले जा रहे थे।

चौकी प्रभारी एवं आरक्षक चन्द्रकांत सिंह चौहान गुरुवार को रात में गस्त पर खण्डसरा अपने मोटर सायकल से जा रहे थे। रात करीबन 1.15 बजे एक सफेद रंग का चारपहिया वाहन ग्राम चमारी-अतरिया की ओर से खण्डसरा आ रहा था। वाहन चालक दूर से पुलिस को देखकर वाहन को मोड़कर वापस अतरिया की ओर भागने लगा। शंका होने पर पुलिस वालों ने मोटर सायकल से वाहन का पीछा शुरू किया। पीछा करते हुए पुलिस ने चमारी मोड के पहले चारपहिया मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 17 टी1090 को ओवरटेक कर आगे बढ़े और रोकने के लिये इशारा कर चिल्लाया। मैजिक वाहन ▶▶| शेष पेज 11 पर



### एक को पकड़ा तो खुला राज

पुलिस ने पतासाजी कर आरोपीगण आशिक देवार उम्र 21 साल एवं राहुल देवार उम्र 21 साल निवासी नवापारा दाढ़ी को हिरासत मे लेकर पूछताछ किया। पूछताछ में पता चला कि घटना को अपने अन्य साथियों के साथ रात में मैजिक वाहन में जाकर अंधियारखोर बिजली आफिस के सामने रखे बिजली ट्रांसफार्मर को पाना पेंचिस एवं सब्बल से खोलकर रंगा 6 बंडल, 3 बंडल लोहे ब्लेंड सभी मिलकर चोरी कर अपने मैजिक वाहन से वापस घर जाने के लिए अतरिया खंडसरा होते दाढ़ी जाने निकले थे। तभी पुलिस वाले को देखकर पकड़े जाने के डर से मैजिक वाहन को मोडकर वापस भागने लगे। प्रकरण मे घटना में प्रयुक्त टाटा मैजिक, अंधियारखोर बिलजी आफिस सामने से चोरी किये बिजली ट्रांसफार्मर के समान कीमती करीबन 60,000 रुपये को बरामद किया गया। वारदात में शामिल 3 नाबालिग को शुक्रवार को न्याय किशोर बोर्ड में पेश किया गया।

**इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका:** उक्त कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश कुमार साहू, पुलिस चौकी खण्डसरा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुरेश सिंह राजपूत, आरक्षक एश्वर्य सिंह, चंद्रप्रकाश चंद्रवंश, आशीष सेन, चन्द्रकांत सिंह चौहान, महेन्द्र सोनवानी एवं अन्य स्टाफ की मुख्य भूमिका रही।

# राइस मिल संचालन व निर्माण से ढाबा सड़क मार्ग जर्जर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

तहसील एवं नगर पंचायत भिंभौरी अंचल से ग्राम ढाबा जाने वाली सड़क की हालत बिगड़ गई है। भिंभौरी से ढाबा जाने वाली सड़क के बीच 4 से 5 राइस मिल का संचालन व निर्माण कार्य चल रहा है। जहां पर मुरम जैसे राइस मिल निर्माण में लगने वाले लौह एवं भारी से भारी सामान लाने ले जाने के चलते सड़क उखड़कर खराब हो गई है। यह सड़क मार्ग पर 10 से 12 टन वाहन चलाने की क्षमता है।

जहां पर भारी वाहन के चलने से सड़क की हालत ही खराब हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सड़क पर भारी वाहन चलने से सड़क उखड़ गई है इससे कई मोटरसाइकिल व साइकिल वाले गिर कर चोटिल भी हुए। इसके बाद भी जिम्मेदार मौन बैठे है। संध्या व रात्रि कालीन चलना दूभर हो गए।

### छात्रों के लिए है खतरा

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिंभौरी में पढ़ने के लिए सैकड़ों बच्चे आते हैं। कई विद्यार्थी इसी सड़क मार्ग से आना जाना करते है। अब इन छात्रों का चलना मुश्कील हो गया है। सड़क उखड़ने से कटीली पत्थरों के कारण सायकिल पंचर होते रहती है। गौरतलब है कि हाल ही में ग्राम ढाबा में डायरिया के 111 लोगों की संक्रमण होने की पुष्टि की गई, जहां पर स्वास्थ्य विभाग लगातार इलाज व जांच के लिए दौरा करता है। वहीं सड़क का खस्ता हाल होने के कारण अब आने जाने में समय लगेगा। राइस मिल निर्माणाधीन बेखौप निर्माण के चलते सड़क खराब करने को तुले हैं।

### भतीजे ने बड़ी मां पर किया हथौड़े से हमला

**बालोद।** भतीजे ने अपनी बड़ी मां के घर में घुसकर उसके सिर पर लोहे के हथौड़े से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। महिला जब जान बचाने घर से सड़क की ओर भागने लगी, तो आरोपी युवक ने महिला को दौड़ा कर उसके सिर पर 4 से 5 बार लोहे के हथोड़े से हमला किया। पूरा मामला सुरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भेड़ीगांव का है, जहां तोमेश्वरी देवांगन 39 वर्ष पति स्व. दिलेश देवांगन अपने घर में सिलाई का काम कर रही थी। जानकारी के अनुसार घायल महिला के देवर का बेटा कृष देवांगन जो गांव में नहीं रहता है, वह शुक्रवार को दोपहर महिला के घर के पास रेकी करते रहा और कुछ देर बाद महिला के घर अंदर जाकर पीने के लिए पानी मांगा, इतने में महिला जैसे ही पानी देने लगी, उसी दौरान युवक ने अपने पास रखे लोहे के हथौड़ा से महिला के सिर पर ताबड़तोड़ वार करने लगा।

# जिले में भाजपा संगठन का चुनाव शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- मंडल चुनाव अधिकारी हुए नियुक्त

भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है बेमेतरा जिले के चुनाव अधिकारी प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा को बनाया गया है। वहीं सहायक चुनाव अधिकारी पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा एवं नरेंद्र वर्मा है। चुनाव प्रक्रिया को लेकर जिला भाजपा ने कार्यशाला का आयोजन किया था उक्त कार्यशाला में खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, विधायक दीपेश साहू , विधायक ईश्वर साहू मौजूद रहे। जिला सहायक चुनाव अधिकारी राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि मंडल के प्रत्येक बूथ पर बूथ अध्यक्ष सचिव सहित 10 सदस्य की नियुक्ति की जाएगी उसके अलावा मन की बात , पन्ना प्रभारी, दीपकमल पत्रिका, भाजपा के 6 महत्वपूर्ण कार्यक्रम वॉट्सएप ग्रुप के प्रभारी बनाए जाएंगे। युवा एवं महिलाओं के प्रमुख भी बूथ में बनाए जाएंगे, इसके अलावा श्री शर्मा ने बताया कि बीएलए 2 भी बूथ में बनाना है।

ये पूरी प्रक्रिया को 15 नवम्बर तक पूर्ण कर 20 नवंबर के पहले जिला एवं प्रदेश में भेजना है । मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री को पूरी चुनावी प्रक्रिया में सहयोग करने को कहा गया है। भाजपा के 10 मंडल के चुनाव सहयोगी एवं सहायक बनाए गए हैं। जिसमें मारो सुरेन्द्र ठाकुर, अंजु बघेल, नवागढ़ टार्जन साहू, बल्लू राजपूत, खंडसरा, टीकू निषाद, राजेश चौरडिया, बेमेतरा नरेन्द्र वर्मा, रेवाराम निषाद, बेमेतरा ग्रामीण राजू देवांगन, गजानंद साहू, बेरला विजय सुखवानी, अमृत माहेश्वरी भीमौरी, महेश साहू, देवदत साहू थानखमरिया, विकास घरडे, राजेश ठाकुर साजा, नथमल कोठारी, लुकराम परपौड़ी, परमेश्वर वर्मा, नारद वर्मा है।

# बच्चों का किया गया ओरल हेल्थ चेकअप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सिविल सर्जन डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव के निर्देश पर स्कूल के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा हैं। जिसके तहत 8 नवंबर को शासकीय मिडिल स्कूल पीकरी के सभी बच्चों का जिला अस्पताल के दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. विजया रमन दंत रोग विशेषज्ञ एवं डेंटल असिस्टेंट राजेश शर्मा द्वारा कैंप लगाकर ओरल हेल्थ चैकअप किया गया, इसके तहत सभी बच्चों के दांत की चेकअप किया गया और ओरल हेल्थ चैकअप कर दांत की सफाई के लिए ब्रश करने के सही तरीके के बारे में जानकारी दी गई।

इस ओरल हैल्थ चैकअप में 16 बच्चों के दांत व मसूड़े सड़न पाए जाने पर उन्हें ईलाज के लिए जिला अस्पताल बेमेतरा रिफर किया गया। यह ओरल हैल्थ चैकअप कैंप राष्ट्रीय ओरल हैल्थ प्रोग्राम के साथ राष्ट्रीय तंबाखू नियंत्रण कार्यक्रम तहत आयोजित किया गया जिसमें स्कूल प्रभारी के साथ शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# आत्मानंद स्कूल सिंघौरी, बेमेतरा में हुई युवा संसद कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतवर्ष युवा सम्मलेन की टीम द्वारा शुक्रवार को पीएम स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सिंघौरी, बेमेतरा में युवा संसद कार्यशाला का आयोजन किया गया।

भारतवर्ष युवा सम्मलेन की टीम द्वारा युवा संसद जैसे शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन बड़े स्तर पर पहली बार बेमेतरा जिले में हो रहा है, जो बेमेतरा के युवाओं के लिए एक बड़ा सुनहरा अवसर होगा जहां वे संसदीय प्रक्रिया के बारे में सीखेंगे, विभिन्न कलाओं जैसे वाद-विवाद, सामूहिक चर्चा, रिसर्च, पब्लिक स्पीकिंग आदि कलाओं के साथ - साथ अपना सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास कर सकेंगे। इस आयोजन से पहले बेमेतरा के युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए युवा संसद कार्यशाला का आयोजन पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सिंघौरी, बेमेतरा में किया गया। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ विधानसभा का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं ने मिलकर सतत विकास, नशा , भ्रष्टाचारी, पर्यावरण इत्यादि विषयों पर चर्चा किया। कार्यक्रम ▶▶| शेष पेज 11 पर

**कलेक्टर शर्मा ने किया गिरदावरी सत्यापन**

# पारदर्शिता लाने गिरदावरी का किया जा रहा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खरीफ फसल में किसानों द्वारा लगाए धान फसल की वास्तविक गिरदावरी संबंधित पटवारियों के माध्यम से किया। अब छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में अधिकारियों द्वारा गिरदावरी सत्यापन का कार्य सक्रियता से किया जा रहा है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बेमेतरा जिले के विकासखंड बेरला के ग्राम आनंदगांव में किसान सुखू एवं अन्न के खेत में लगायी गई धान फसल का गिरदावरी का सत्यापन किया।

उन्होंने कहा कि गिरदावरी कार्य में पारदर्शिता लाने के लिए ही गिरदावरी सत्यापन किया जा रहा है। इसके बाद राज्य से आने वाले अधिकारियों द्वारा भी द्वारा गिरदावरी के 2 प्रतिशत गिरदावरी सत्यापन किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि पटवारियों द्वारा संपादित वास्तविक गिरदावरी कार्यों को शत-प्रतिशत शुद्ध करने के लिए गिरदावरी का सत्यापन के लिए जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों को अधिकृत किया गया है। ताकि किसी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश ना रहे। फसल गिरदावरी व फसल सत्यापन का कार्य जीपीएस आधारित मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से किया जा रहा है। गिरदावरी सत्यापन की इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य फसल की स्थिति का वास्तविक आकलन करना है, ताकि किसानों को उचित समर्थन उपलब्ध कराया जा सके।



### धान खरीदी की तैयारी तय समय पर पूरा करें

मालूम हो कि छत्तीसगढ़ में खरीफ फसल 2024-25 का धान उपार्जन आगामी 14 नवंबर से शुरू होगा । उन्होंने धान खरीदी की सभी तैयारी समय रहते पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने इससे पहले सुबह संयुक्त जिला कार्यालय भवन स्थित दृष्टि सभा कक्ष में धान उपार्जन की तैयारी के संबंध खाद्य विभाग के अधिकारियों की समीक्षा भी ली थी।

### सत्यापन प्रक्रिया से मिलेगा वास्तविक डेटा

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि गिरदावरी सत्यापन के तहत अधिकारियों द्वारा खेतों का दौरा किया जा रहा है, जहां वे फसल की गुणवत्ता, भूमि की स्थिति और उत्पादन की संभावनाओं का मूल्यांकन कर रहे हैं। इस सत्यापन प्रक्रिया से सरकार को वास्तविक डेटा प्राप्त होगा, जिससे कृषि नीतियों को सही दिशा में क्रियान्वित किया जा सकेगा। इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व) बेरला पिंकी मन हर, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण निर्मल सिंह, सहित खाद्य विभाग के अधिकारी, तहसीदार और कॉपरेटिव सोसायटी के अधिकारी उपस्थित थे।

**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# दक्षिण उपचुनाव के बाद गरजेगा तोड़दस्ता, अवैध निर्माण पर चलेगा बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण उपचुनाव के बाद नगर निगम का तोड़दस्ता एक बार फिर गरजेगा। निगम आयुक्त के निर्देश पर दस जोन में यह कार्रवाई होगी। इसमें नगर निगम से अनुमति लिए बिना कराए गए अवैध निर्माण को ढहाया जाएगा। खासकर 2 हजार वर्गफीट से अधिक क्षेत्र में अवैध निर्माण कर व्यावसायिक उद्देश्य से दुकान, गोदाम और मकान बनाने वालों को सूचीबद्ध कर तोड़फोड़ की कार्रवाई करने की तैयारी है।

- तीन बार नोटिस के बाद भी निर्माण कराने वाले टारगेट में

## 2 हजार वर्गफीट से अधिक के अवैध निर्माण पर कार्रवाई

### अवैध प्लाटिंग वाली 13 जगहों पर रजिस्ट्री रोकने पत्र

सूत्रों के मुताबिक अवैध प्लाटिंग के जरिए कालोनी बसाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए रजिस्ट्री कार्यालय में रजिस्ट्रार को आयुक्त के माध्यम से पत्र भेजा गया है। 2 माह में 13 अलग-अलग जगहों की रजिस्ट्री रोकने का आग्रह करते हुए चिट्ठी गई है। इसमें आउटर में स्थित जोन 8 के जरवाय, जोन 10 में अमलीडीह, देवपुरी और जोन 9 में जोरा के साथ जोन 6 क्षेत्र के भाठागांव और मठपुरैना क्षेत्र की जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने कहा गया है।



### अवैध निर्माण पर बुलडोजर

शहर के बीच और आउटर एरिया में अवैध प्लाटिंग कर व्यावसायिक प्रयोजन से गोडाउन, दुकान व मकान बनाने वालों पर जल्द तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी। 2 हजार से अधिक एरिया में निगम की अनुमति लिए बिना कराए गए व्यावसायिक निर्माण पर फोकस कर रहे हैं।

*- आभाष मिश्रा, नगर निवेशक, नगर निगम रायपुर*

शहर के अंदरूनी हिस्सों और आउटर के इलाकों में अवैध प्लाटिंग और नगर निगम की अनुमति लिए बिना अवैध निर्माण को रोकने निगम प्रशासन अब एक्शन मोड में नजर आएगा। इसके लिए 10 जोन में अवैध निर्माण करने वालों को सूचीबद्ध कर नोटिस जारी किया जा रहा है। तीन बार नोटिस के बाद भी इसकी अनदेखी कर निगम क्षेत्र में व्यावसायिक प्रयोजन से मकान, दुकान और गोदाम निर्माण करने वालों पर निगम प्रशासन तोड़फोड़ की कार्रवाई करेगा।

## खबर संक्षेप

### शहर की खस्ताहाल सड़कों का डामरीकरण शुरू



**रायपुर।** नगर निगम और लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर के विभिन्न मार्गों की खस्ताहाल सड़कों के पेचवर्क और सड़क डामरीकरण का कार्य गुरुवार से शुरू हो गया। नगर निगम जोन 7 क्षेत्र के आमापारा स्थित विशाल मेगामार्ट से अग्रसेन चौक मार्ग की सड़क डामरीकरण करने मशीन सड़क पर उतारी गई। बारिश खत्म होने के बाद डामर प्लांट शुरू होने के साथ ही सड़क डामरीकरण का कार्य प्रारंभ कराया गया है। राजधानी वासियों को खस्ताहाल सड़कों और जगह-जगह सड़क पर उभर आए गड्ढों से निजात मिलेगी। नगर निगम के लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न जोन में चिन्हांकित मार्ग के सड़क डामरीकरण का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है। इसके तहत स्टेशन रोड, समता कालोनी और आमापारा सहित अन्य मार्गों पर पेच वर्क के साथ ही डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है।

### रबी मौसम में 19.25 लाख हेक्टेयर रकबे में बोनी का लक्ष्य

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर रबी फसलों को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष 19.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न रबि फसलों की बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 2.16 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं, चना, मटर, मक्का, अलसी सहित विभिन्न रबी फसलों की बोनी हो चुकी है, वहीं 0.14 लाख क्विंटल बीज और 0.35 लाख मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किया जा चुका है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर वर्ष 2024-25 में रबि फसलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस वर्ष विभिन्न रबि फसलों की बोनी के लिए 19.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न रबी फसलों की बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 2.16 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं, चना, मटर, मक्का, अलसी सहित विभिन्न रबी फसलों की बोनी हो चुकी हैं, जो लक्ष्य का 11 प्रतिशत है। जबकि पिछले वर्ष के लिए 19.19 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में रबी फसलों की बोनी का लख निर्धारित किया गया था।

### शिकायत के बाद अपने ही आदेश को कलेक्टर ने बदला

**दुर्ग।** आगामी दिनों होने वाले धान खरीदी के लिए कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा एक आदेश जारी कर निगरानी टीम का गठन किया था। गठित समिति में सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी और पदेन अध्यक्ष सरपंचों को बनाया गया था। बुधवार को जारी आदेश के बाद बवाल मचा रहा। कलेक्टर के आदेश से आक्रोशित भाजपाईयों ने इसकी शिकायत प्रदेश संठगन महामंत्री पवन साय से कर दी। जिसके बाद अपने ही आदेश को कलेक्टर ने दूसरे दिन निरस्त कर दिया। जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष विनायक ताम्रकार ने किसानों की अगुवाई में इसकी शिकायत सांसद विजय बघेल, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से भी की थी। शिकायत में कहा गया था कि, सरपंचों को पदेन अध्यक्ष बनाना सही नही होगा। उल्लेखनीय हैं कि, सरपंच भाजपा और कांग्रेस दोनो पार्टी के समर्थित है। ऐसे में आशंका जताई जा रही थी कि, निगरानी में इन्हें रखने से खरीदी कार्य प्रभावित हो सकते हैं। इसकी प्रदेश स्तर के नेताओं से शिकायत के बाद कलेक्टर को अपना आदेश चौबीस घंटे में बदलना पडा। उनके द्वारा जारी आदेश में लिखा गया था।

### अप्रेंटिसशिप मेला 11 नवंबर को

**बालोद।** भारत सरकार की शिक्षुता प्रशिक्षण अधिनियम 1961 के अंतर्गत नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के तहत अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 11 नवंबर को सुबह 11 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद में किया जाएगा।

## हैदराबाद से आए इंजीनियरों ने मशीनों की बारीकी से की जांच

# कमीशनिंग में 19 ईवीएम डिफेक्टिव निकली 1504 सही पाई गई, मशीनों को किया सीलबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में उपयोग में लाई जाने वाली ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग की गई। इसमें 19 मशीनें डिफेक्टिव निकलीं, जिसके कारण इन मशीनों को रिजेक्ट कर दिया गया है। अब इन मशीनों का 13 नवंबर को होने वाले मतदान के दिन पोलिंग बूथों में इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। सेजबहार स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग का काम गुरुवार को समाप्त हुआ। उपचुनाव के लिए जिला प्रशासन को 1523 ईवीएम मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें बीयू 719, सीयू 379 व वीवीपैट की संख्या 425 है। इन मशीनों का मतदान से पूर्व कमीशनिंग कराया गया है। कमीशनिंग के माध्यम से तकनीकी रूप से खराब या डिफेक्टिव हो चुकी मशीनों को अलग करना है। इसके लिए हैदराबाद से दो इंजीनियरों की टीम आई हुई है, जिनके द्वारा बारीकी से मशीनों की जांच की गई। जांच के दौरान इनमें से 5 बीयू, 1 सीयू व 13 वीवीपैट डिफेक्टिव निकलीं। डिफेक्टिव मशीनों को रिजेक्ट कर दिया गया है। इन मशीनों का अब चुनाव में इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।



### मॉकपोल के बाद ईवीएम मशीनें स्ट्रांग रूम में सीलबंद

*कमीशनिंग व मॉकपोल के बाद चुनाव में इस्तेमाल की जाने वाली ईवीएम मशीनों को जिला उप निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर पुष्पेंद्र शर्मा सहित अन्य चुनाव अधिकारियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में रखकर उसे सीलबंद किया गया है। स्ट्रांग रूम को अब मतदान दलों को पोलिंग बूथों के लिए रवाना करने के दिन खोला जाएगा।*

### 20 प्रतिशत अतिरिक्त ईवीएम

चुनाव के दौरान पोलिंग बूथों में इस्तेमाल की जाने वाली ईवीएम में 20 प्रतिशत अतिरिक्त मशीन है। मतदान के दौरान किसी मशीन में तकनीकी खराबी आने पर मतदान प्रभावित न हो, इसे देखते हुए अतिरिक्त ईवीएम मशीनों की व्यवस्था की जाती है, जो उपचुनाव में भी की गई है।

- -**उमाशंकर बंदे,** जिला उप निर्वाचन अधिकारी

### कमीशनिंग के बाद हुआ मॉकपोल


जिला उप निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने बताया कि 5 से 7 नवंबर तक कमीशनिंग का कार्य चला है। कमीशनिंग के बाद चुनाव में खड़े भाजपा-कांग्रेस सहित अन्य विभिन्न राजनीतिक दलों के कई प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मॉकपोल भी किया गया। मॉकपोल के दौरान कमीशनिंग में सही पाई गई कुछ ईवीएम मशीनों में प्रतिनिधियों ने एक-एक वोट डालकर मशीनों को परखा। हालांकि जिन मशीनों में ट्रायल के रूप में वोट डाले गए, उनका इस्तेमाल भी चुनाव में नहीं किया जाएगा।

# अनुराग बोले- भाजपा का पूरा संगठन प्रचार में कांग्रेसी घूम ही नहीं रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की पस्त हालत देखकर कांग्रेसी बौखलाहट में हास्यास्पद प्रलाप करने लगे हैं। सच्चाई यह है कि कांग्रेसी रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में घूम ही नहीं रहे हैं, इसलिए उनको पता नहीं लग रहा है कि इस उपचुनाव में भाजपा का पूरा संगठन प्रचंड बहुमत से भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को जिताने के लिए जुटा हुआ है।

श्री अग्रवाल ने कहा, रायपुर दक्षिण के चुनावी रण में भाजपा के एक ही गुट की सक्रियता का अनर्गल व मिथ्या प्रलाप कर रहे कांग्रेस नेता जरा जमीनी सच्चाई से रूबरू होने की हिम्मत दिखाएं। रायपुर दक्षिण के आठ बार के विधायक व भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में



प्रदेश सरकार के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल,टंकराम वर्मा, लखन लाल देवांगन एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, विधायकगण अमर अग्रवाल, अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा आदि विभिन्न मंडलों की कमान संभाले हुए हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा का लगातार रायपुर दक्षिण में प्रवास हो चुका है। कांग्रेसी डर के मारे रायपुर दक्षिण जा ही नहीं रहे हैं, इसलिए उनको सच्चाई का पता नहीं है।



# बैठक में पेंशनरों ने जमा किया जीवन प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पेंशनधारी कल्याण संघ जिला बालोद के मासिक बैठक अध्यक्ष डॉ. आरएम चावड़ा की अध्यक्षता तथा एसबीआई बालोद के सहायक अधिकारी के निर्देशन में संपन्न हुई। बैठक में पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र फार्म वितरित किया गया।

पेंशनरों से भरे हुए आवेदन फार्म चेक कर क्रमशः जमा कराया गया। लगभग 100 से अधिक पेंशनरों तथा परिवार पेंशनरों ने जीवन प्रमाण पत्र पूर्ण कर जमा किया। डाकघर बालोद से उपस्थित कर्मचारियों द्वारा केंद्र सरकार द्वारा जारी जीवन प्रमाण पत्र पोस्ट ऑफिस के माध्यम से भी ऑनलाइन जमा किया जा सकता है, इसकी जानकारी पेंशनरों को प्रदान की गई।

साथ ही जिला अध्यक्ष द्वारा सूचित किया गया कि प्रति बुधवार दोपहर 12 से 3 तक पेंशन भवन शिकारी पारा में आकर जीवन प्रमाण पत्र भर सकते हैं। सचिव पुरूषोत्तम लाल देशमुख ने बैंक के अधिकारियों कर्मचारियों के सहयोग मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

# गायत्री परिवार ने नशामुक्ति के लिए निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

गुरुवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के तत्वाधान में गायत्री परिवार गुण्डरदेही के मार्गदर्शन में प्रज्ञापीठ परसतराई में जिला स्तरीय 51 कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया। जिसमे संगोष्ठी भी हुई साथ ही गांव में नशा उन्मूलन जागरूकता के लिए ब्लॉक के परिजनों द्वारा नशा मुक्ति रैली निकाल कर नशा से होने वाले नुकसान से जनमानस को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक चंद्रिका प्रसाद चंद्राकर, जिला नशा मुक्ति प्रभारी विमल साहू, प्रज्ञापीठ अध्यक्ष कृपाराम राम सिन्हा, डीके देशमुख, किशन लाल साहू, गजाधर प्रसाद साहू, दिलेश्वर साहू, मोहपत साहू, दानेश्वर साहू, रवि साहू, गोपाल साहू, ओंकेश्वरी साहू, महेश्वरी गजेंद, महेश्वरी साहू, प्रमोद सेन, मनीष पटेल व ग्रामीण उपस्थित थे।




### सीएम साय की भी झारखंड और महाराष्ट्र में होंगी सभाएं

**रायपुर।** प्रदेश में राज्योत्सव निपटने के बाद अब प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भी झारखंड के साथ महाराष्ट्र के लिए भी भाजपा का राष्ट्रीय संगठन सभाएं तय करने वाला है। वैसे चुनाव का ऐलान होने से पहले भी मुख्यमंत्री की झारखंड में सभाएं हो चुकी हैं। चुनाव का ऐलान होने के बाद भी उनका एक दौरा हुआ है। अब वापस उनकी सभाओं की तैयारी है। इधर महाराष्ट्र और झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने छत्तीसगढ़ के 60 से ज्यादा नेताओं को वहां की विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी है।

# मनरेगा मजदूरी भुगतान में फर्जीवाड़ा, जांच के लिए टीम गठित

## आरंग क्षेत्र के ग्राम देवदा का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के आरंग ब्लॉक अंतर्गत ग्राम देवदा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत हुए कामों में घोटाला का मामला सामने आया है। ऑनलाइन सिस्टम में सेंधमारी कर फर्जी मजदूर एवं फर्जी काम की एंट्री करके हजारों रुपए आहरण किए गए हैं। यह खेल पिछले कई साल से चल रहा था। बताया जा रहा है कि इस मामले की शिकायत गांव के ही कुछ लोगों द्वारा पंचायत स्तर पर की गई थी, जिसकी प्रारंभिक जांच में शिकायत सही भी पाई गई थी, लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद इस मामले की शिकायत प्रशासन से की गई है, जिसके बाद इस मामले की जांच के लिए जिला पंचायत द्वारा 3 सदस्यीय टीम गठित की गई है, जो दोबारा इस मामले की जांच कर रही है।



### जांच की जा रही

ग्राम देवदा में मनरेगा मजदूरी भुगतान में फर्जीवाड़ा के अलावा अन्य शिकायतों की जांच के लिए टीम बनी हुई है। जांच टीम में मैं भी शामिल हूं। इस मामले की जांच की जा रही है।

**- आशीष सिंह**
जांच टीम सदस्य, जिला पंचायत रायपुर

### 10 फर्जी लोगों की पहचान

*शिकायतकर्ताओं ने ऑनलाइन एंट्री में दर्ज मजदूरों के नामों में 10 ऐसे लोगों के नाम की पहचान की है, जो गांव में मनरेगा का काम करने पहुंचे ही नहीं हैं। इनमें एक दंपति भी शामिल है, जिनके नाम आशीष बघेल एवं तुकेश्वरी बघेल हैं। इस दंपति को गांव छोड़े हुए करीब 12 वर्ष बीत चुके हैं। इसके अलावा अरुण डहरिया, राकेश डहरिया, देवेंद्र कोसले, अरुण कोसले, शीतल बघेल, कामता डहरिया, गीता डहरिया एवं कोमल डहरिया शामिल हैं। इन नामों के मजदूरों ने भी मनरेगा का काम नहीं किया है।*

### ऑनलाइन एंट्री में ऐसे मजदूरों के नाम जो कभी काम पर नहीं आए

*मनरेगा के तहत ग्राम देवदा में लाखों रुपए के विभिन्न काम किए गए हैं। इन कामों को करने मजदूरों के नाम की एंट्री विभाग की वेबसाइट पर की गई है। इस एंट्री के अनुसार ही मजदूरों को मजदूरी राशि का भुगतान किया गया है, लेकिन वेबसाइट में जिन मजदूरों के नाम हैं, उनमें ऐसे कई मजदूर हैं, जो कभी काम करने ही नहीं पहुंचे हैं। शिकायतकर्ता ग्रामीणों ने शिकायत में आरोप लगाया है कि गांव के सरपंच, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव ने साठगांठ करके मास्टर रोल में फर्जी रूप से अपने परिचित लोगों के नाम से एंट्री कर मजदूरी की राशि उनके खातों में डालकर आहरण किया है।*

## धान खरीदी के सात दिन पहले टोकन, आज से लगेगी भीड़

# पहले दिन बिकेगा छह हजार क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी चौदह नवंबर को समर्थन मूल्य पर होने वाले धान खरीदी के पहले दिन जिले के 90 किसान 5956 क्विंटल धान बेचेगें। सोसायटियों से टोकन जारी किए जाने की प्रक्रिया सात नवंबर को शुरू हो गई हैं। पहले दिन जिले के 90 किसानों ने टोकन भी ले लिया है। सुबह साढे नौ बजे से साढे पांच बजे तक टोकन जारी किया जाएगा। इस बार चौदह नवंबर से 31 जनवरी तक जिले के 102 उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जाएगी। जिलेभर में किसान धान की कटाई में जूटे हुए है। जिले में तीस फीसदी धान की कटाई हो चुकी हैं।

किसान कटाई के बाद धान को सुरक्षित रखने में जूटे हुए है। अफसरों ने बताया कि, अर्ली वैरायटी के धान की आवक शुरूआत में होगी, उन्ही किसानों द्वारा टोकन लिया जा रहा हैं। पर्व के बाद धान की कटाई में तेजी आ गई हैं। प्रगतिशील किसान संगठन के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने बताया कि, खेतों में पानी भरे होने के कारण कटाई प्रभावित है। लेकिन आगामी दिनों किसान कटाई में जूट जाएंगे।

### पॉलिसी में किए गए बदलाव से नाराजगी



राज्य शासन द्वारा जारी किए गए धान खरीदी नीति में खरीदी के बाद 72 घंटे के अंदर उठाव के नियम को हटा दिया गया हैं। क्योंकि इसे आधार बनाकर कई मिलर कोर्ट चले जाते थे। वही 28 फरवरी तक धान उठाव अनिवार्य तौर पर करने का नियम पहले था, जिसे 31 मार्च कर दिया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि, पहले ही फरवरी होने के बाद मई और जून तक उठाव होता था। अब तारीख बढाने से उठाव की कोई गारंटी नही हैं। वर्तमान में रायगढ, राजनांदगांव, कवर्धा, पंडरिया में अब तक धान का उठाव नही किया गया हैं।

**सत्यापन के चक्कर में घट रहा रकबाः** जानकारी अनुसार दो दिन पहले जिले में एक लाख 26 हजार हेक्टैयर रकबा पंजीकृत था। लेकिन वर्तमान में यह घटकर एक लाख 21256 हेक्टेयर पर पहुंच गया हैं। पिछले बार एक लाख 21339 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत था। ऐसे में पिछले साल के मुकाबले रकबा घट गया हैं।

### सिर्फ कम्प्यूटर आपरेटरों के भरोसे खरीदी

विगत दिनों हडताल में आश्वासन मिलने के बाद सोसायटी के कम्प्यूटर आपरेटर वापस लौट गए है। उन्ही के द्वारा टोकन जारी किया जा रहा हैं। लेकिन सोसायटी प्रबंधक से लेकर सहायक प्रबंधक, चौकीदार, लिपिक सभी कर्मचारी संघ विगत चार नवंबर से दुर्ग में मानस भवन के सामने हडताल कर रहे है। इनके द्वारा अपनी मांगों को लेकन अनिश्चितकालीन हडताल किया जा रहा है। जबकि इधर सोसायटी में टोकन लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। जिसके चलते चौदह नवंबर से धान खरीदी प्रभावित

# बिरसा मुंडा जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम 14 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 14 एवं 15 नवंबर को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर में राज्य स्तरीय भव्य आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जनजातीय गौरव दिवस, आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान और बलिदानों को सम्मानित करने तथा आमजन एवं भावी नागरिकों को उनके बलिदान से प्रेरणा लेने के लिए मनाया जाता है। वर्ष 2021 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 15 नवंबर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में इसे जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया था, तभी से प्रतिवर्ष जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। राज्य स्तर पर जनजातीय गौरव दिवस के व्यापक आयोजन के संबंध में प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम आयोजन की आवश्यक तैयारियों के संबध में निर्देशित किया गया है।

- 14-15 नवंबर को साइंस कॉलेज परिसर में होगा

### प्रदेश में 30 प्रतिशत से अधिक आदिवासी

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ एक आदिवासी बाहुल्य राज्य है जनगणना 2011 के अनुसार कुल जनसंख्या का लगभग 30.62 प्रतिशत आदिवासी निवास करते हैं। इसके अलावा राज्य में 43 प्रमुख जनजातियां एवं 162 उप जातियां हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से जनजातीय महापुरूषों के कार्यों तथा बलिदान के गौरवपूर्ण स्मरण के साथ ही आदिवासियों के हितों का संरक्षण एवं इन्हें प्रोत्साहित करने का अवसर मिलेगा। इस हेतु जिला स्तर पर भी कार्यकम आयोजित किये जाएंगे एवं राज्य स्तर पर भी वृहद रूप से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**खबर संक्षेप**



## पदोन्नति पर शिक्षिका ने स्कूल में कराया न्योता भोज

**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला खुटेरी (रंग) की शिक्षिका प्रीति मण्डावी ने प्रधान पाठिका के पद पर पदोन्नत होने के उपलक्ष्य में अपने शाला के 97 बच्चों को न्योता भोज कराया।

## गिनाए गए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लाभ



**बालोद/कलंगपुर।** मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में जल संरक्षण समिति के अंतर्गत दिन प्रतिदिन गिरते हुए जल स्तर को ध्यान में रखकर महाविद्यालय में निर्मित रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जानकारी बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं को दी गई। इस अवसर बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं को पर्यावरण विषय पर प्रोजेक्ट कार्य दिया गया, साथ ही सभी छात्र–छात्राओं को जल संरक्षण के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यह जानकारी महाविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक एवं जल संरक्षण समिति के प्रभारी कमलेश्वर साहू ने दी।

## हाईस्कूल अमलीडीह में वार्षिक उत्सव 29 को

**बालोद।** बंशी लाल भारद्वाज गौरव तिहार एवं बंशी लाल भारद्वाज शासकीय हाईस्कूल अमलीडीह (बालोद) का वार्षिक उत्सव समारोह 29 नवंबर को मनाया जाएगा। जिले के इस प्रतिष्ठा पूर्ण आयोजन में सम्मिलित होने के लिए क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा को आमंत्रण पत्र सौपा गया। पंचायत व शाला समिति के पदाधिकारियों ने विधायक से मिलकर उन्हें आमंत्रित किया है, जिसमे प्रतिनिधि मंडल में डा साधु राम भारद्वाज, ईश्वर साहू, मस्त राम कुरैटी, हीरा लाल कुरैटी, बिरझूराम मंसाराम कोमरे, कुलेश्वर कोठले भेख राम साहू उपस्थित थे।

## टमाटर की खड़ी फसल को रौंदा, किसानों ने की आपत्ति

**भिलाई।** किसानों की खड़ी फसल को फिर से रौंदा जा रहा है। गेल इंडिया द्वारा गैस पाइप लाइन बिछाई जा रही है। जिसके लिए किसानों की खड़ी फसल को रौंदने का काम किया जा रहा है। ये पूरा मामला है अहिवारा विधानसभा के ग्राम बागडुमर-सेमरिया का। यहां श्याम कुमार की खेत में पाइप लाइन बिछाने के लिए बड़ी गाड़ी घुस गई। इसके बाद किसान आपत्ति करते रहें। उन्हें हटाने की कोशिश करते रहें। आखिर तक बात नहीं बनी और फसल को रौंदते हुए मशीन आगे तक चली गई। दो घंटे तक काफी बहस हुई। तब जाकर किसान के खेत से मशीन को बाहर निकाला गया। तब तक काफी नुकसान हो चुका था। इस बारे में किसान एक्टिविस्ट संदीप पटेल ने कहा कि, गेल इंडिया की मनमानी जारी है। इससे पहले धान की खड़ी फसल को रौंदा गया। अब टमाटर की खड़ी फसल को रौंदा जा रहा है। यह मनमानी नहीं चलेगी।

### कार्यक्रम : जिले के 598 व्याख्याताओं को 6 विषयों पर दिया जाएगा

# हाई और हायर सेकंडरी के व्याख्याताओं का विषयवार प्रशिक्षण दिया जाएगा 11 से

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के दिशा निर्देश में जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी में अध्यापनरत व्याख्याताओं का प्रशिक्षण ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षण डाइट बेमेतरा द्वारा दिया जाएगा। इस संबंध में एससीईआरटी से चयनित मास्टर ट्रेनर्स डीआरजी की एक आवश्यक बैठक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें हाईस्कूल और हायर सेकंडरी में पढ़ाये जाने वाले 6 विषयों के लिए प्रशिक्षण की विस्तृत रूपरेखा बनाई गई।



यह प्रशिक्षण ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से दिया जाएगा। ऑनलाइन प्रशिक्षण चार दिवस का और ऑफलाइन प्रशिक्षण तीन दिवस का होगा। प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे ने बताया कि हाईस्कूल और हायर सेकंडरी के विषय गणित, भौतिकी शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान, हिंदी और कला विषयों की प्रशिक्षण का आयोजन डाइट के माध्यम से किया जाएगा। जिले में कुल 598 व्याख्याता कार्यरत है, जिन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। गणित और भौतिक शास्त्र विषय के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण का आयोजन 11, 13, 14 और 18 नवंबर को तीन-तीन घंटा के लिए दिया जाएगा। गणित विषय के लिए ऑफलाइन प्रशिक्षण 19, 20, 21 नवंबर को तथा भौतिक शास्त्र विषय का आफलाइन प्रशिक्षण 22, 25 और 26 नवंबर को प्रातः 9.30 से 5.30 बजे तक दिया जाएगा। इसी तरह जीव विज्ञान और रसायन शास्त्र विषयों की ऑनलाइन प्रशिक्षण 27, 28, 29 और 2 दिसंबर को 12 से 3 बजे तक दिया जाएगा और इन्हीं दोनों विषयों का ऑफलाइन प्रशिक्षण 5, 6 और 7 दिसंबर को दिया जाएगा। इसी तरह हिंदी और कला विषयों का आनलाइन प्रशिक्षण 9, 10, 11, 12 दिसंबर को और ऑफलाइन प्रशिक्षण 19, 20, 21 दिसंबर को डाइट से ही प्रदान किया जाएगा।

ऑनलाइन प्रशिक्षण का समय दोपहर 12 से 3 बजे तक रहेगा तथा ऑफलाइन प्रशिक्षण का समय सुबह 9.30 से 5.30 बजे तक रहेगा। यह प्रशिक्षण पूरी तरह आवासीय है। एससीईआरटी के द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी में अध्यापनरत सभी व्याख्याताओं को प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है। प्रशिक्षण में अनुपस्थित प्रशिक्षणार्थियों के लिए कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है। इस संबंध में सभी बीईओ बीआरसी को स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण में अनुपस्थित सभी व्याख्याताओ की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सीधे एससीईआरटी को प्रेषित की जाएगी। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे बताया कि सभी व्याख्याताओं को इस प्रशिक्षण को पूरी तरह से गंभीरता पूर्वक लेना है और यहां से प्रशिक्षित होकर जो कुछ भी आपने सीखा है उसे अपनी कक्षाओं में अक्षरशः लागू करना है। विदित हो कि इस वर्ष को शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसलिए सभी स्तर के शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। आज की इस महत्वपूर्ण बैठक में डाइट के अकादमिक सदस्य और प्रशिक्षण की विषयवार प्रभारी कीर्ति घृतलहरे, यमुना जांगड़े, श्रद्धा तिवारी, राजकुमार वर्मा, जी एल खुटियारे, तथा डीआरजी के रूप में पुकल राम सप्रे, हिरऊ राम ध्रुव, बहोरिक लाल साहू, केजहा राम निषाद, गीतांजली निषाद, यागवेन्द्र डीकसेना, हेमेंद्र पंसारी, रवि कुमार चौहान, बालमुकुंद साहू, घनश्याम प्रसाद मांडले, बीरेन्द्र सिंह राठौर उपस्थित थे।

## सेजेस में किया गया युवा संसद शैक्षणिक कार्यक्रम




**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

भारतवर्ष युवा सम्मलेन युवा संसद एवं प्रतिरुप संयुक्त राष्ट्र की टीम द्वारा शुक्रवार को पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मे युवा संसद कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारतवर्ष युवा सम्मलेन की टीम द्वारा युवा संसद जैसे शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन बड़े स्तर पर पहली बार जिले स्तर में समाधान महाविद्यालय बेमेतरा में 23 एवं 24 नवंबर को होने जा रहा है संसद के प्रतिरूप के आधार पर रहेगा जो बेमेतरा के युवाओं के लिए एक बड़ा सुनहरा अवसर होगा जहां वे संसदीय प्रक्रिया के बारे में सीखेंगे विभिन्न कलाओं जैसे वाद-विवाद सामूहिक चर्चा रिसर्च पब्लिक स्पीकिंग आदि कलाओं के साथ- साथ अपना सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास कर सकेंगे। इसी क्रम में इस आयोजन से पहले बेमेतरा के युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए युवा संसद कार्यशाला का आयोजन पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में किया गया। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ विधानसभा का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं ने मिलकर सतत विकास नशा भ्रष्टाचारी पर्यावरण इत्यादि विषयों पर चर्चा किया।

कार्यशाला में अतिथि के रूप में विद्यालय की प्राचार्य सुदेशा चैटर्जी शेषनारायण स उत्तम साहू स्वर्णलता द्विवेदी एवं अन्य अध्यापकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम आयोजन समिति में आयुष वर्मा अनुराग वर्मा प्रज्वल वर्मा अमन सोनी राजेश यादव हिमांशु वर्मा अन्नपुर्णा साहू हिमांशु वर्मा यशवंत साहू कबीर वर्मा रेश्मी वर्मा चंचल साहू आदि सहित सभी छात्र उपस्थित रहे।

## प्रदेश संगठन महामंत्री से क्षेत्र के भाजपाइयों ने मुलाकात की



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान के नेतृत्व में नवागढ़ विधानसभा से भाजपा संगठन के पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पनव साय एवं प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित प्रदेश के दिग्गज नेताओं के साथ प्रदेश भाजपा कार्यालय रायपुर में भेंट कर दीपावली एवं जेठऊनी एकादशी की शुभकामनाएं दिया। साथ ही नवागढ़ विधानसभा में संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी देते हुए विभिन्न विषयों पर भी की। जिला महामंत्री दीवान ने बताया कि नवागढ़ विधानसभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विपक्ष के समय से आजतक मजबूती से काम कर रहे है। जिसके चलते हमारी टीम विपक्ष एवं सत्ता दोनों समय में की तुलना में मजबूत एवं संगठित है। हमारे दृढ़ संकल्प एवं संगठन के चलते हम आगे भी निकाय एवं ग्रामीण चुनाव में भाजपा का परचम लहरायेंगे।

इस दौरान मण्डल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू, जिला संयोजक नरेंद्र शर्मा, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय, पूर्व नप अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग, महामंत्री मिंटू बिसेन, बबलू राजपूत, प्रदीप शुक्ला, सुरेश निषाद, गुरमुख भार्गव, खेमिन बाई साहू सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कॉलेज में मना जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**


लक्ष्मण प्रसाद बैध शासकीय कन्या महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गंगाधर यादव उपस्थित थे। उन्होंने जनजातीय समाज की सांस्कृतिक धरोहर एवं संघर्षों की सराहना की।

उन्होंने समाज के विकास में जनजातीय समुदाय के योगदान को याद करते हुए छात्रों को उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विनीता गौतम ने की। उन्होंने इस दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को अपनी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की एनएसएस प्रभारी सरस्वती चौहान द्वारा किया गया, जिन्होंने जनजातीय समुदाय के योगदान पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की व्यवस्था की। कार्यक्रम का संचालन दीनानाथ सारथी तथा डॉ. मेघा तिवारी ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग प्रमुख सुश्री श्वेता पावले तथा सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## कबड्डी संघ के जिला अध्यक्ष बने शाहिद

**नवागढ़।** बेमेतरा जिला कबड्डी संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष शाहिद खान, उपाध्यक्ष गीतेन्द्र नेताम, सचिव नारायन यादव, कोषाध्यक्ष गौरव ध्रुव निर्विरोध चुने गए।



चुनाव ममता क्लब भवन में सम्पन्न हुआ। चुनाव हेतु निर्वाचन अधिकारी सहायक विकाश खंड शिक्षाअधिकारी हितेंद्र बंजारे थे। पर्यवेक्षक के रूप में छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के महासचिव प्रदीप यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोम ठाकुर सांसद प्रतिनिधि ने किया। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को श्रीकांत सिंह ठाकुर, सुखनन्दन सोनी, सुरेश बंजारे, अनुपम दीवान, जाकिर खान, राहुल सप्रे, मोहन पाल, सोम सिन्हा, हर्ष पाल, देवराज मंडावी, राकेश सप्रे, धनेश धुव, प्रेम ध्रुव इन सभी ने बधाई दी।

## छात्रों ने किया प्राचार्य का स्वागत

**नवागढ़।** शुक्रवार को शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ के नए प्राचार्य डॉ. गिरीशकान्त पाण्डेय का पूर्व एवं वर्तमान छात्रसंघ के पदाधिकारियों के द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान शिखा गेड़ाम, अजित चतुर्वेदी, प्रशांत कोशले, नितेश साहू आदि उपस्थित रहे।



## पेज 9 के शेष

### चोरों ने पुलिस कर्मी ...

के चालक ने गाड़ी को नहीं रोका। वाहन में पीछे बैठे अन्य 4 व्यक्तियों द्वारा वाहन मत रोको, तेज गति से आगे भगाओ चिल्लाने लगे। चालक गाड़ी को तेज गति से बढ़ा कर पुलिस की मोटर सायकल को ठोकर मार दिया। जिससे पुलिस वाले मोटरसाइकिल से गिर गए। मैजिक चालक पल्सर को सड़क में घसीटते हुए करीबन 50 मीटर तक ले गया। वाहन के सामने मोटर सायकल फंस जाने से टाटा मैजिक को छोड़कर चालक एवं पीछे बैठे अन्य 4 व्यक्ति खेत की ओर भाग गये। टाटा मैजिक वाहन को पास में जाकर देखने पर एसमें बिजली ट्रांसफार्मर का रांगा तार का गोल 6 बंडल, 3 बंडल पतला छोटा प्लेट, 4 नग लोहे का एंगल सेट नट बोल्ट लगा तथा एक नग लोहे का सबरी, 5 लीटर के प्लास्टिक डिब्बा में करीबन 02 लीटर आईल जैसा भरा तेल एवं एक थैला में पाना पेंचिस वाहन में भरा हुआ मिला। मामले में पुलिस ने धारा 110, 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

### आत्मानंद स्कूल ...

आयोजन समिति में आयुष वर्मा, अनुराग वर्मा, अमन सोनी, राजेश यादव, हिमांशु वर्मा, अन्नपुर्णा साहू, विजेश जोशी, बादल वर्मा, प्रज्वल वर्मा, हिमांशु वर्मा आदि और प्राचार्य रामगोपाल चन्द्राकर सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## प्रेम और त्याग की भावना ही मनुष्य के जीवन को आदर्श बनाती है

**बालोद।** बाहर से हम कितने ही साधन जुटा लें, लेकिन जब तक मन में शांति न हो तब तक सब कुछ बेकार है, शांति के लिए बाहर की व्यवस्था सुधारने के बजाय मन के भावों को सुधारने की आवश्यकता होती है। महावीर भवन में चातुर्मास के अंदर चल रहे प्रवचन श्रृंखला में संत ऋषभ सागरजी म सा ने कहा कि जीवन जीना भी एक कला है, भगवान महावीर के बताये मार्ग, जिसमें सभी से प्रेम और मैत्री के भाव को प्राथमिकता दी गई है, उस पर चलकर जीवन को सरल और शांत बनाया जा सकता है। हमारे जीवन पर हमारे कर्मों और हमारे मनोभावों का पूर्ण प्रभाव पड़ता है। मान सम्मान, प्रतिष्ठा तो सभी चाहते हैं, लेकिन सोचे, हममें ऐसी क्या क्वालिटी है, जो हमे सभी पसंद करें।





















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

